झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/68/18 –23 ,राँची/दिनांकः28/05/2019

बी0एड0 संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा – 2019 (B.Ed. Combined Entrance Competitive Examination – 2019) <u>के आयोजन एवं प्रवेश–पत्र (Admit Card) से संबंधित अत्यावश्यक सूचना</u>

बी0एड0 संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा – 2019 (B.Ed. Combined Entrance Competitive Examination – 2019) में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक 06.06.2019 से दिनांक 09.06.2019 तक राँची जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में CBT (Computer Based Test) मोड में आयोजित की जायेगी। प्रवेश पत्र में अभ्यर्थियों के परीक्षा की तिथि, परीक्षा केन्द्र तथा परीक्षा का समय, परीक्षा केन्द्र में प्रवेश का समय इत्यादि की भी पूर्ण सूचना अंकित रहेगा। तद्नुसार, पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in पर "Click Here for All online application Submission-JCECEB 2019" टैब पर Click कर परीक्षा का सही विकल्प चुनते हुए Login कर Download Online Admit Card पर Click कर, दिये गये दिशानिर्देशों का पालन करते हुए दिनांक 30.05.2019 से अपना प्रवेश–पत्र (Admit Card) डाउनलोड कर सकते है। परीक्षा समाप्ति के पूर्व प्रवेश–पत्र (Admit Card) का लेमिनेशन (Lemination) नहीं करावें। दिनांक 30.06.2019 से परीक्षार्थी पर्षद के वेबसाईट में उपलब्ध Link पर Login कर Mock Test Rehearsal कर सकते हैं।

प्रवेश पत्र में आपकी अन्य विवरणी भी अंकित है, यथा नाम, पिता एवं माता का नाम, कोटि/कोटा, जन्मतिथि आदि। यदि इन विवरणियों की प्रविष्टियों में संशोधन या सुधार की आवश्यकता हो तो, एक स्वहस्तलिखित आवेदन पत्र सप्रमाण **झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर, सिरखा टोली, नामकुम–तुपुदाना रोड, नामकुम, राँची – 834010** के पते पर **दिनांक 12.06.2019** तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से या हाथों–हाथ अथवा E mail (jceceboard@gmail.com) के माध्यम से निश्चित रूप से जमा कर दें, जिसके आधार पर आपकी विवरणी में संशोधन किया जा सके। उक्त निर्धारित तिथि के बाद किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा तथा **इसके लिए पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा।**

समाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक F. No. 34-02/2015-DD-III दिनांक 29.08.2018 के आलोक में वैसे दिव्यांग जिन्हें लिखने वाला/पढ़ने वाला/प्रयोगशाला सहायक (Scribe/Reader/Lab Assistant) की आवश्यकता हो वे दिनांक 03.06.2019 अपराह्न 05.00 बजे तक पर्षद के वेबसाईट के डाउनलोड कॉलम में उपलब्ध प्रपत्र को भरकर पर्षद के ही E mail (jceceboard@gmail.com) के माध्यम से Scribe/Reader/Lab Assistant की मांग करने हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र समर्पित करें। प्राप्त आवेदन पत्र के समीक्षोपरान्त पर्षद कार्यालय द्वारा लिखने

वाला/पढ़ने वाला/प्रयोगशाला सहायक (Scribe/Reader/Lab Assistant) रखने संबंधी अनुमति आपके E mail पर उपलब्ध करा दी जायेगी।

(दिलीप कुमार, भा.प्र.से.)
परीक्षा नियंत्रक